अग्रवाल महाविधालय बल्लभगढ़ में उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र के बैनर तले एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

3 मई, 2024 को अग्रवाल महाविधालय बल्लभगढ़ में उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र के बैनर तले एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविधालय प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी श्री दिनेश गुप्ता व कार्यवाहक कॉलेज प्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता के दिशा - निर्देशन में समय-समय पर होते रहते हैं ।प्रेस स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन उद्यमिता और कौशल विकास केंद्र के बैनर तले वाणिज्य विभाग से डॉ डिंपल (संयोजक) और श्रीमती पूजा (समन्वयक) द्वारा किया गया। 10 टीमों ने तीन राउंड में प्रतिस्पर्धा की, जिनमें प्रत्येक में दो प्रतिभागी थे। बीए प्रथम वर्ष की तनिषा शर्मा और कविता ने पहला पुरस्कार जीता, जिन्हें 500 रुपये का नकद पुरस्कार मिला, दूसरा पुरस्कार बीकॉम द्वितीय वर्ष के भरत शर्मा और कासिफ उद्दीन को मिला, जिन्हें 300 रुपये का पुरस्कार मिला और तीसरा पुरस्कार बीकॉम प्रथम वर्ष के भाविश राठी और भूमिका को मिला, जिन्हें 200 रुपये का पुरस्कार मिला । प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा सभी 20 प्रतिभागियों को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी।